इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

(राजभाषा प्रकोष्ठ)

फा.सं. ।।–101/हिंदी दिवस/रा.भा.प्र./ 3169

दिनांकः 17 सितंबर, 2020

परिपत्र

हिंदी पखवाड़ा, 2020 : कार्यक्रम

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में इग्नू परिसर में 14 से 28 सितंबर, 2020 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ/परिचर्चा **आभासी प्रणाली माध्यम (वर्चुअल मोड)** में आयोजित की जाएँगी। पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार हैः

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	तिथि	समय	संचालन
1	उद्घाटन समारोह	14.09.2020	अप. 2.00–3.30	स्वागतः प्रो. राजेन्द्र प्रसाद पांडेय संचालनः डॉ. मनीषा पांडेय धन्यवाद ज्ञापनः श्री बनमाली सिंह
2	ज्ञान वाणी पर परिचर्चा	15.09.2020	अप. 3.00–4.00	प्रो. राजेन्द्र प्रसाद पांडेय डॉ. शिवाजी भास्कर डॉ. सोनिया शर्मा
3	ज्ञान दर्शन पर परिचर्चा	17.09.2020	अप. 3.00–4.00	प्रो. सत्यकाम प्रो. राजेन्द्र प्रसाद पांडेय
4	अनुवाद प्रतियोगिता	21.09.2020	अप. 3.30 बजे	डॉ.मनीषा पांडेय डॉ. हरीश कु. सेठी
5	स्वरचित काव्य पाठ प्रति.	22.09.2020	अप. 3.30 बजे	डॉ. गौरव सिंह
6	भाषण प्रतियोगिता	23.09.2020	अप. 3.30 बजे	डॉ. शिवाजी भास्कर डॉ. सोनिया शर्मा
7	निबंध लेखन प्रतियोगिता	24.09.2020	अप. 3.30 बजे	डॉ. गौरव सिंह
8	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	25.09.2020	अप. 3.30 बजे	डॉ. मनीषा पांडेय डॉ. सोनिया शर्मा
9	समापन समारोह	28.09.2020	अप. 3.30 बजे	

सभी संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लें। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को **प्रथम पुरस्कार 2500/–रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2000/–रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 1500/–रुपए** तथा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएँगे।

Scanned with CamScanner

प्रतियोगिता के नियमः

- सभी प्रतियोगिताएँ **आभासी प्रणाली माध्यम (वर्चुअल मोड) में** आयोजित की जाएँगी जिनके लिंक आपको प्रतियोगिता आरंभ होने से पहले उपलब्ध कराया जाएगा।
- हिंदी पखवाड़ा संचालन समिति का कोई सदस्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लेगा।
- किसी भी प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों में टाई नहीं होगा अर्थात एक प्रतियोगिता में केवल तीन ही विजेता होंगे।
- अनुवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को दी गई कुछ पंक्तियों का अधिकतम 30 मिनट में अंग्रेजी से हिंदी अथवा हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना होगा।
- स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को स्वयं की लिखी एक कविता का वाचन करना होगा अर्थात किसी अन्य कवि की कविता सुनाने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। इस हेतु अधिकतम समय–सीमा 03 मिनट होगी।
- भाषण प्रतियोगिता का विषय है, **'कोविड–19 एवं बदलती जीवन–शैली'**। इस विषय पर भाषण देने के लिए प्रतिभागियों को 3 से 5 मिनट का समय दिया जाएगा।
- निबंध प्रतियोगिता का विषय है, **'भारतीय भाषाओं में हिंदी की समन्वयकारी भूमिका'**। इस विषय पर प्रतिभागियों को 1500 से 2000 शब्दों में निबंध लिखकर ऑनलाइन माध्यम से जमा कराना है।
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 20 प्रश्न पूछे जाएंगे जिनका व्यक्तिगत रूप से उत्तर देना होगा।

इन प्रतियोगिताओं में इग्नू के नियमित कार्मिक भाग ले सकते हैं तथा प्रतियोगिताओं के परिणाम में निर्णायक मंडल का फैसला अंतिम होगा।

कँवलजीत कौर
17/9/2

(कँवलजीत कौर)
सहायक कुलसचिव, अनुवाद एवं
संयोजक, हिंदी पखवाड़ा संचालन समिति

प्रतिलिपिः

1. सभी विद्यापीठों के निदेशक/प्रभागाध्यक्षः कृपया इस परिपत्र को अपने विद्यापीठ/प्रभाग/केंद्र/एकक/प्रकोष्ठ में परिचालित करवाएं एवं कार्मिकों को कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें।
2. अध्यक्ष, कंप्यूटर प्रभागः कृपया परिपत्र को इग्नू की वेबसाइट पर अपडेट करवाएँ।
4. उप–निदेशक, कुलपति कार्यालय
5. सभी समकुलपतियों के निजी सचिव
6. कुलसचिव, प्रशासन के निजी सचिव
7. सभी सूचना पट्ट

Scanned with CamScanner